Seat No. : _______________

# MF-106 (H)

**March-2022**

**B.Com., Sem.- I**

**CE-101 (A) : Financial Accounting**

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

**सूचनाएँ :** (1) **विभाग-I** के सभी प्रश्नों के गुण समान हैं ।

(2) **विभाग-I** में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(3) **विभाग-II** अनिवार्य हैं ।

## विभाग – I

किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. अमर, अकबर एवं एन्थोनी क्रमशः 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ–हानि का वितरण करते साझेदार हैं । ता. 31-03-2021 के दिन उनकी पेढ़ी का विसर्जन हुआ । विसर्जन के दिन उनकी पेढ़ी का आर्थिक–चिट्ठा निम्नलिखित था : **20**

| दायित्व | | ₹ | संपत्ति | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **पूँजी–खाता :** | | | जमीन एवं मकान | 5,40,000 |
| अमर | 2,70,000 | | फर्नीचर एवं फिक्सचर | 90,000 |
| अकबर | 2,25,000 | | प्लान्ट एवं मशीनरी | 90,000 |
| एन्थोनी | 1,35,000 | 6,30,000 | स्टॉक | 1,66,500 |
| सामान्य संचय | | 67,500 | देनदार | 1,10,250 |
| अकबर की लोन | | 1,10,250 | प्राप्य विपत्र | 90,000 |
| स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की लोन | | 1,82,250 | नकद | 29,250 |
| लेनदार | | 2,00,000 | लाभ–हानि खाता (उधार बाकी) | 90,000 |
| देय विपत्र | | 16,000 | | |
| | | **12,06,000** | | **12,06,000** |

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की लोन के बदले में जमीन एवं मकान को गिरवी रखा गया है । संपत्तियों की राशि निम्न रूप से प्राप्त हुई :

प्रथम किस्त : 2,92,500 द्वितीय किस्त : 1,62,000

तृतीय किस्त : 1,71,000 चतुर्थ किस्त : 2,06,100

विसर्जन खर्च के लिए ₹ 67,500 की रकम को अनामत के रूप से रखा गया था, परंतु वास्तविक विसर्जन खर्च ₹ 54,000 हुआ था जो चुकाया गया था ।

अधिशेष पूँजी पद्धति के आधार पर सभी साझेदारों के बीच नकद का खण्डशः वितरण को दर्शाता पत्रक तैयार कीजिए ।

**अथवा**

"महत्तम हानि की पद्धति" के विषय में काल्पनिक आँकड़ों को दर्शाकर विस्तृत चर्चा कीजिए ।

2. दी ऐसेन्ट ऐवन्यु लि. ने 2,50,000 इक्विटी शेयर ₹ 10 प्रति शेयर से 20% प्रतिभूति प्रीमियम पर निर्गमित किये । प्रति शेयर रकम निम्न रूप से मँगवायी गई थी : **20**

| | |
|---|---|
| आवेदन पर | ₹ 4 |
| आबटन पर | ₹ 6 (प्रतिभूति प्रीमियम सहित) |
| प्रथम एवं अंतिम माँग पर | ₹ 2 |

कंपनी को कुल 5,00,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । इसमें से 1,50,000 शेयरों के आवेदनों को पूर्ण रूप से नामंजूर किया गया । 50,000 शेयरों के आवेदनों को पूर्ण स्वीकार किया गया और शेष आवेदकों को यथानुपात आबंटन किया गया । अतिरिक्त आवेदनों की रकम कंपनी द्वारा आबंटन रकम के रूप में समायोजित की गई ।

श्री अमित, जिसे 600 इक्विटी शेयर यथानुपात आबंटित किये गए थे, वह अपने आबंटित शेयरों पर प्रथम एवं अंतिम माँग की रकम भरने में निष्फल हुआ । उसके शेयर जप्त कर लिये गए एवं उसे कानूनी नोटिस देने के बाद, उसके शेयर ₹ 7 प्रति शेयर की दर से श्री मोहित को पूर्ण भरपाई के मानकर पुनः निर्गमित किये गए ।

दि ऐसेन्ट ऐवन्यु लि. की बही में आवश्यक रोजनामचा लिखिए ।

**अथवा**

कंपनी का स्थापना से पूर्व का लाभ ज्ञात करने के संदर्भ में नीचे दर्शाए गए मुद्दों को उदाहरण सहित समझाइए :

(1) डूबत ऋण, डूबत ऋण अनामत, सेल्समेन का वेतन, सेल्समेन का कमिशन के लिए हिसाबी असर

(2) बिक्री अनुपात एवं समय अनुपात

(3) व्यवसाय की क्रय कीमत पर चुकाए ब्याज की हिसाबी असर

3. ता. 31-3-21 को आरव एवं अयान कम्पनी का आर्थिक–चिट्ठा निम्न था : **20**

| दायित्व | | ₹ | संपत्ति | | ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| **पूँजी :** | | | भवन | | 5,94,000 |
| आरव | 4,95,000 | | मशीनें | | 3,96,000 |
| अयान | 3,63,000 | 8,58,000 | निवेश [बाजार मूल्य ₹ 1,32,000] | | 99,000 |
| कर्मचारी लाभ भाग कोष | | 33,000 | स्टॉक | | 3,63,000 |
| कर्मचारी क्षतिपूर्ति कोष | | 49,500 | देनदार | 2,80,500 | |
| बैंक लोन | | 6,60,000 | (–) : डूबत ऋण | 16,500 | |
| लेनदार | | 82,500 | (–) : डूबत ऋण अनामत | 33,000 | 2,31,000 |
| देय हूंडी | | 33,000 | पूर्वप्रदत्त खर्चे | | 8,250 |
| | | | नकद | | 24,750 |
| | | **17,16,000** | | | **17,16,000** |

ता. 01-04-2021 को आरव एवं अयान के चालू व्यापार को खरीद लेने के लिए, ₹ 100 प्रति शेयर ऐसे 16,500 इक्विटी शेयर की अधिकृत पूँजी वाली श्रद्धा लि. की स्थापना की गई ।

व्यापार को खरीदने से संबंधित शर्तें **:**

(1) मकान की कीमत का ₹ 6,60,000 मूल्यांकन किया गया एवं स्टॉक की कीमत का ₹ 3,30,000 मूल्यांकन किया गया ।

(2) देनदारों पर 10% डूबत ऋण अनामत रखनी है ।

(3) व्यापार की क्रय–कीमत के लिए 6600 इक्विटी शेयर निर्गमित किये गए, जिसे ₹ 120 की प्रति शेयर कीमत का ₹ 80 पूर्ण भरपाई हुआ ऐसा मानकर तथा ₹ 1,55,100 नकद चुकाना ।

(4) कंपनी ने शेष शेयर, ₹ 120 की प्रति शेयर कीमत का ₹ 80 पूर्ण भरपाई हुआ, ऐसा मानकर सामान्य जनता के लिए निर्गमित किये ।

उपर्युक्त लेन–देन के लिए श्रद्धा लि. की बही में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ लिखिए तथा कंपनी का प्रारंभिक आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिए ।

**अथवा**

नीचे दर्शाये गए खातों को उदाहरण सहित समझाइए :

(1) व्यापार विक्रेता का देनदार खाता

(2) व्यापार विक्रेता का लेनदार खाता

(3) व्यापार विक्रेता का उचिन्त खाता

4. निम्नलिखित शेष, ता. 31.03.2021 के दिन CASAMIA फेब्रिक लि. के कच्चे चिट्ठे एवं अन्य आंकड़ों से लिए गए हैं । कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-III के भाग-I के आधार पर आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिए । **20**

| | **विवरण** | **रकम (₹)** |
|---|---|---|
| 1. | प्लांट एवं मशीनरी | 5,40,000 |
| 2. | 8% अधिमान शेयर | 1,65,000 |
| 3. | खुले औजार | 48,900 |
| 4. | कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर एवं मोबाईल ऐप्लिकेशन | 24,975 |
| 5. | विज्ञापन उचिन्त खाता | 9,000 |
| 6. | 12 % निवेश – ऐसेन्ट ऐवन्यु लि. | 73,500 |
| 7. | ऑफिस फर्नीचर | 1,44,180 |
| 8. | इक्विटी शेयर पूँजी | 4,50,000 |
| 9. | देय हूंडी | 8,550 |
| 10. | लेनदार–खर्चों के लिए | 10,800 |
| 11. | कराधान हेतु प्रावधान | 7,965 |
| 12. | स्पेयर पार्टस एवं स्टोर | 30,060 |
| 13. | नकद एवं बैंक | 6,900 |
| 14. | देनदार | 57,000 |
| 15. | व्यापार लोन – मोर्टगेज (गिरवी) | 93,000 |
| 16. | सामान्य अनामत | 1,24,500 |
| 17. | लेनदार–माल–सामान | 42,000 |
| 18. | नकद उधार – ओवरड्राफ्ट | 22,500 |
| 19. | निवेश पर प्राप्त ब्याज | 15,300 |
| 20. | कर्मचारी कल्याण कोष (फंड) | 25,500 |

**अथवा**

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-III के भाग-II के आधार पर काल्पनिक आंकड़ों के साथ लाभ तथा हानि पत्रक का प्रारूप (फोर्मेट) बनाइए ।

## विभाग – II

5. निम्नलिखित प्रश्नों में एक से अधिक विकल्प दिये गए हैं । सही विकल्प का चयन कीजिए : (कोई भी **पाँच**) **(10)**

(1) निम्न में से क्या आर्थिक चिट्ठे के "संचय एवं आधिक्य" का भाग नहीं है ?

(a) ऋणपत्र मोचन संचय

(b) पूँजी मोचन संचय

(c) प्रस्तावित लाभांश

(d) सामान्य संचय

(2) नकद के खण्डशः वितरण के लिए अधिशेष पूँजी पद्धति को ________ के नाम से भी जाना जाता है ।

(a) अधिकतम पूँजी पद्धति

(b) न्यूनतम पूँजी पद्धति

(c) आनुपातिक पूँजी पद्धति

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(3) टेबल-A के अनुसार अप्राप्त किस्त पर अधिकतम कितने प्रतिशत ब्याज वसूल किया जा सकता है ?

(a) 18% (b) 12%

(c) 10% (d) 5%

(4) कंपनी के स्थापना से पहले के लाभ को ______ कहा जाता है ।

(a) पूँजीगत लाभ (b) राजस्व लाभ

(c) आस्थगित राजस्व आय (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(5) ख्याति अर्थात् ________ ।

(a) खरीदी का प्रतिफल

(b) शुद्ध संपत्ति (–) खरीदी का प्रतिफल

(c) खरीदी का प्रतिफल (–) शुद्ध संपत्ति

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(6) जब व्यापार क्रयकर्ता, पेढ़ी का विसर्जन खर्च चुकाता है, तो वह ________ खाते नामे होता है ।

(a) विक्रेता का खाता

(b) ख्याति खाता

(c) शेयर पूँजी खाता

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(7) नकद के खण्डशः वितरण में, लाभ–हानि खाते का जमा शेष ______ ।

(a) नकद में से घटाते हैं ।

(b) नकद में जोड़ते है ।

(c) साझेदार के पूँजी खाते से घटाते हैं ।

(d) साझेदार के पूँजी खाते में जोड़ते हैं ।

(8) निम्न में से किसका कंपनी की "आकस्मिक देयता" में समावेश होता है ?

(a) कर्मचारियों को अदत्त वेतन

(b) डिबेन्चरों पर अदत्त ब्याज

(c) इक्विटी शेयरों पर अदत्त डिविडन्ड

(d) संचयी अधिमान शेयरों पर संचित डिविडन्ड

(9) कंपनी की कुल शेयर पूँजी रकम में "अधिकृत पूँजी" की रकम का समावेश होता है ।

(a) सत्य (b) असत्य

(c) आंशिक सत्य एवं आंशिक असत्य (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(10) कंपनी _______ छूट पर, शेयर _______.

(a) 10%, निर्गमित कर सकती है ।

(b) ……., निर्गमित नहीं कर सकती है ।

(c) 5%, केन्द्र सरकार की अनुमति के साथ निर्गमित कर सकती है ।

(d) 5%, निर्गमित कर सकती है ।

(11) यदि कच्चे-चिट्ठे में ₹ 5,00,000 के 10% के डिबेन्चर दिये गए हैं तथा डिबेन्चर पर ₹ 25,000 ब्याज चुकाया गया है, तब लाभ-हानि खाते में ________ रकम नामे की जाएगी ।

(a) ₹ 25,000 (b) ₹ 50,000

(c) ₹ 75,000 (d) इनमें से कोई नहीं

(12) कंपनी की स्थापना से पहले के लाभ की गणना में डायरेक्टर की फीस __________ बाँटते हैं ।

(a) समय अनुपात में

(b) बिक्री अनुपात में

(c) स्थापना से पहले के समय में

(d) स्थापना के बाद के समय में